मासिक चल राजभाषा शील्ड से सम्मानित विभाग

भू–विज्ञान एवं भू–तकनीकी मासिक चल राजभाषा शील्ड से सम्मानित

कारपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश में 13 फरवरी, 2024 को डॉ यतीन्द्र कटारिया, माननीय सदस्य हिंदी सलाहकार समिति, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में हिंदी नोडल अधिकारियों की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.), श्री ईश्वर दत्त तिग्गा एवं उप महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.) भी उपस्थित रहे। कारपोरेट कार्यालय में चल रही मासिक चल राजभाषा शील्ड योजना के अंतर्गत राजभाषा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियों के लिए सामाजिक एवं पर्यावरण विभाग को सम्मानित किया गया। इस शील्ड के पूर्व विजेता विभाग भू–विज्ञान एवं भू–तकनीकी के श्री हरीश उपाध्याय, उप महाप्रबंधक ने यह शील्ड सामाजिक एवं पर्यावरण विभाग के उप प्रबंधक, श्री प्रदीप घिल्डियाल को सौंपी। इस योजना की सराहना करते हुए डॉ यतीन्द्र कटारिया ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की प्रोत्साहन योजनाओं से राजभाषा के प्रचार–प्रसार को बल मिलता है। उन्होंने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में राजभाषा कार्यान्वयन की प्रशंसा की।

सतर्कता विभाग मासिक चल राजभाषा शील्ड से सम्मानित

कारपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश में 24 जून, 2024 को हिंदी नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.) ने की। इस अवसर पर मासिक चल राजभाषा शील्ड योजना के अंतर्गत राजभाषा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियों के लिए सतर्कता विभाग को सम्मानित किया गया। इस शील्ड के पूर्व विजेता विभाग सामाजिक एवं पर्यावरण के अधिकारियों ने यह शील्ड सतर्कता विभाग के उप महाप्रबंधक, श्री जी.एस.चौहान एवं अन्य अधिकारियों को सौंपी।

******

Created by Universal Document Converter